## सार-समाचार

### रक्तदाता जागरूकता रैली आज

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** भारत विकास परिषद शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा स्व. सुशीला देवी मित्तल की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 62वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की सफलता के लिए शनिवार, 21 फरवरी 2026 को विशाल रक्तदाता जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह शिविर 23 फरवरी 2026 को सूरौठ पैलेस, हिण्डौन सिटी में भामाशाह देवेंद्र मित्तल, प्रदीप मित्तल एवं मोहित मित्तल के सहयोग से आयोजित होगा। रक्तदान प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि मानव सेवा और समाज हित के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रातः 10 बजे स्थानीय उपजिला कलैक्टर (एसडीएम) कार्यालय से रैली प्रारंभ होगी। रैली को अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक सतेन्द्र पाल सिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रैली एसडीएम कार्यालय से प्रारंभ होकर गर्ल्स स्कूल (मोहन नगर), टेलीफोन एक्सचेंज चौराहा, अस्पताल रोड, मनीराम पार्क, शीतला चौराहा, डैम्प रोड होते हुए चौपड़ पहुंचकर पुनः एसडीएम कार्यालय पर समापन करेगी। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां लेकर रक्तदान महादान जैसे नारों के माध्यम से जन-जन को प्रेरित करेंगे। रैली का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। सत्संग भवन चौराहे पर परिषद सदस्य हेमंत जैन तथा दिलसुख की टाल पर आरती बिंदल व उमेश बिंदल द्वारा जलपान की व्यवस्था रहेगी, वहीं स्वागतम् हैंडलूम पर वंदना शर्मा व देवेन्द्र शर्मा द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इस जागरूकता रैली में सौरभ कॉलेज खेड़ा, राजीव गांधी सर्वोदय संस्थान, अवस्थी क्लासेज, भगवान महावीर कॉलेज कांचरोली, गोविन्दम् नर्सिंग कॉलेज एवं केएमएस आईटीआई कॉलेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं, परिषद सदस्य, मातृशक्ति एवं शहर के गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। परिषद अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। यह समाज में मानवता, सहयोग और सेवा की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने सभी नागरिकों, युवाओं एवं संस्थानों से अधिकाधिक संख्या में रैली एवं रक्तदान शिविर में सहभागिता का आव्हान किया। परिषद पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि हिण्डौन सिटी की जागरूक जनता के सहयोग से यह आयोजन समाज सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा।

### आरोग्य महोत्सव 23 को

**भरतपुर, (निसं)।** आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं योग व्यायाम को लोकप्रिय बनाने के साथ साथ जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में संचालित सेवा प्रकल्पों को लोकप्रिय बनाने हेतु आरोग्य महोत्सव का आयोजन 23 फ़रवरी को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि आमजन को ऋतुओं के अनुकुल खान-पान एवं जीवन शैली निर्धारित किए जाने के तरीकों के साथ साथ सामान्य रोगों से बचाव हेतु रसोई घर के सामान द्वारा सरल घरेलू उपायों की जानकारी देने और चिकित्सालय में संचालित पंचकर्म चिकित्सा सेवा, स्त्री एवं प्रसूति रोगों के उपचार,नाक कान मुंह गले के रोग, शल्य चिकित्सा में शामिल अर्श भगंदर परिकर्तिका योग प्राकृतिक से उपचार किए जाने के साथ साथ अन्य सेवा प्रकल्पों को आमजन में लोकप्रिय बनाए जाने के लिए एक दिवसीय आरोग्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरोग्य महोत्सव में सभी प्रकार के रोगों का उपचार रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श कर निशुल्क औषधि उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ दीक्षित ने बताया कि इस अवसर पर रोगानुसार योग प्रदर्शन एवं अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा में आयुर्वेद चिकित्सा की उपयोगिता पर कार्यशाला भी रहेगी। आरोग्य महोत्सव में विभिन्न रोगों से बचाव हेतु आमजन को जानकारी के लिए सचित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। पंचकर्म चिकित्सा के अंतर्गत कमर दर्द, फ्रोजन शोल्डर, सर्वाइकल स्पोंडिलाइटिस जोड़ों के दर्द आदि में निशुल्क प्रोसिजर कर उपचार किया जाएगा। आरोग्य महोत्सव जिला आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में सुबह नौ बजे से तीन बजे तक रहेगा। आरोग्य महोत्सव का अधिक से अधिक आमजन को जानकारी एवं लाभ मिल सके उसके लिए आरोग्य महोत्सव के महत्व एवं उपयोगिता के पम्पलेट का विमोचन कर वितरण किए जाने का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह प्रधान चिकित्सक एवं उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित डॉ पिंकी चौहान डॉ श्याम सिंह घुरैया डॉ शैलेश शर्मा डॉ रेनू मीना डॉ राजकुमार झा डॉ कुलदीप शर्मा डॉ मोहन स्वरूप शर्मा डॉ मनीषा गुर्जर डॉ ज्योति मीना नर्सिंग अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह अंतरंग प्रभारी भगवान सिंह छेदा लाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**करौली, (निसं)।** गांव झारेड़ा में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत किसानों के लिए फसलों की उच्च उत्पादकता हेतु उन्नत पद्धितयों का पैकेज विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उन्नत खेती पद्धितयों की जानकारी प्रदान कर उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताना था प्रशिक्षण के दौरान प्रतीकात्मक रूप से 10 किसानों को इनपुट किट (वर्मी बेड, तिरपाल, दरांती, टोपी, बैग, पेन व डायरी) वितरित किए गए। आगामी समय में लगभग 600 किसानों को इनपुट किट वितरित किए जाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुमरत लाल मीणा, डॉ. महेश चंद मीणा (मृदा विज्ञान), डॉ. टीकम सिंह, तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. बच्चू सिंह मीणा ने किसानों को रबी फसलों-गेहूं, सरसों एवं सब्जियों-में उन्नत कृषि पद्धितयों से उत्पादन बढ़ाने के तरीके बताए। गोबर खाद, कार्बनिक खाद, केंचुआ खाद एवं ढैंचा खाद के उपयोग तथा फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दिया गया। पूर्व सरपंच मदन गोपाल मीणा द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग करौली के उपनिदेशक धर्म सिंह मीणा सहित कई किसान एवं ठाामीण उपस्थित रहे। मंच संचालन राजेश कुमार मीणा ने किया।

### होली गायन की धूम, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**करौली, (निसं)।** फाल्गुन मास के पावन अवसर पर मिनी वृंदावन के नाम से प्रसिद्ध करौली जिले में होली उत्सव की धूम मची हुई है। शहर में जगह-जगह होली गायन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गीता सदन, गुलाब बाग स्थित निवास पर शिवकुमार व्यास (भांकरी वाले) द्वारा भव्य होली गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पं. गिरीश शास्त्री, सोनू शास्त्री, लखन गुर्जर एवं हरीप्रसाद चरौरा सहित कई कलाकारों ने भक्तिमय एवं पारंपरिक होली की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को सराबोर कर दिया। होली के रसिया गीतों पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना रहा।

### श्रीजी लाइब्रेरी का उद्घाटन

**भरतपुर, (निसं)।** शहरवासियों के लिए ज्ञान का नया केंद्र श्रीजी लाइब्रेरी का शुभारम्भ 82, कृष्णा नगर, अरोड़ा हॉस्पिटल के पीछे, भरतपुर में बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयास संस्था की संस्थापक अंजू मित्तल एवं अध्यक्ष सीपिका गोयल रहीं, जिन्होंने रिबन काटकर लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया। लाइब्रेरी की संचालिका प्रो. टीना शर्मा ने बताया कि पुस्तकालय सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रहेगा। यहाँ छात्रों एवं छात्राओं के लिए शांत एवं सुव्यवस्थित अध्ययन कक्ष के साथ-साथ डिजिटल संसाधनों की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना तथा विशेष रूप से महिलाओं को एक सुरक्षित और प्रेरणादायक अध्ययन वातावरण प्रदान करना है। अंजू मित्तल ने अपने संबोधन में लाइब्रेरी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शांत एवं सकारात्मक वातावरण अत्यंत आवश्यक है।बच्चों के लिए आज के युग में कम्पीटिशंस बढ़ गए हैं कॉम्पीटिशन के लिए एकाठाता चाहिए जो की लाइब्रेरी में पढ़ने से मिल सकती है।

### एड्स पर कार्यशाला आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** हरिदत्त कॉलेज ऑफ फार्मेसी, टेक्नोलॉजी पार्क, सेवर, भरतपुर की रेड रिबन क्लब के ने एड्स के संबंध में समाज एवं युवाओं में जागरुकता फैलाने के उद्वेश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नारायण सिंह बोरई मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि हरिदत्त शर्मा रहे। कार्यक्रम में संस्था निदेशक डॉ. आलोक शर्मा मौजूद रहे। संस्था निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने एड्स और एच.आई.वी. के संक्रमण को लेकर लोगों में व्याप्त गलत फहमियों को दुर करने का सार्थक प्रयास किया गया, जिसमें उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं और समस्त स्टाफ गणों को एड्स और एच.आई.वी. से भली भाँति परिचित कराया। रेड रिबन क्लब फार्मेसी के नोडल ऑफिसर विनोद छारिया ने एच.आई.वी. के संक्रमण को लेकर विशिष्ट जागरुकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थिति छात्र-छात्राओं ने कई सवाल भी पुछे जिसके उत्तर छारिया सर द्वारा दिए गए। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता करवायी गई, जिसके विजेता दिगम्बर सिंह एवं आकाश रहे।

# ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति की तैयारियां रखें पूर्ण : कलक्टर

■ जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित पेयजल परियोजनाओं की प्रगति, जल सेवा आंकलन, हर घर जल लक्ष्य एवं आगामी ग्रीष्मकालीन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने जल सेवा आंकलन में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह को निर्देश दिए कि बयाना, नदबई एवं उच्चौन क्षेत्र के ठााम विकास अधिकारियों द्वारा ई-ठााम पोर्टल पर डेटा अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएचईडी विभाग अपने विकास कार्यों एवं विभागीय परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों में संबंधित उपखंड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र फॉलोअप करें, ताकि परियोजनाएं समय पर प्रारंभ हो सकें। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलक्टर ने खराब ट्यूबवेल, जल टंकियों की लीकेज, पम्पसेट आदि की जांच के लिए जिला स्तर पर टीम गठित कर सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठीष्मकाल में आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व में ही पूर्ण रखी जाएं। शहरी एवं ठाामीण क्षेत्रों में पानी के टैंकरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शेष पाइपलाइन कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा मोटर पम्पों की मरम्मत के प्रस्ताव तत्काल भेजने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पम्पसेटों को पुनः संचालित करने हेतु ग्राम पंचायत एवं विधायक निधि का उपयोग करने तथा आवश्यकता पड़ने पर ठाामीणों के सहयोग से मरम्मत कार्य कराने की बात कही। उन्होंने ग्राम पंचायत सलेमपुर खुर्द स्थित लीकेज टंकी के प्रकरण में पीएचईडी अधीक्षण अभियंता को तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अछनेरा रोड की पाइपलाइन लीकेज तथा भरतपुर शहर में पाइपलाइन कार्य से क्षितठास्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने की बात कही।

उन्होंने चंबल प्रोजेक्ट्स अधीक्षण अभियंता को चम्बल-धौलपुर-भरतपुर पेयजल परियोजना के अंतर्गत पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में त्वरित मरम्मत हेतु व्यापक तैयारी रखना सुनिश्चित करें जिससे आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पडे। बैठक में हर घर जल प्रमाण पत्र, राजकीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल उपलब्धता, नल जल मित्रों की स्थिति, लंबित परियोजनाओं एवं निविदा प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता नरेन्द्र कुमार वर्मा, चंबल प्रोजेक्ट्स अधीक्षण अभियंता हरीकिशन अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

## श्रम अधिकारों की जानकारी दी

**करौली, (निसं)।** विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में भीयापुर गांव में महिला कृषि मजदूरों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला श्रमिकों को लैंगिक समानता, समान कार्य के लिए समान वेतन, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा एवं श्रम अधिकारों की जानकारी दी गई। जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि ठाामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कृषि सब्सिडी, कौशल विकास एवं ऋण सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम ( अधिनियम 2013) के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# ग्रामीणों को योजनाओं व उद्देश्यों की जानकारी दी

■ ग्राम पंचायतों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान 2.0 की शुरुआत की गई है। इस अभियान के अंतर्गत पंचायत समिति गंगापुर सिटी क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

नोडल अधिकारी एवं विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायत टोकसी कुसाय में विभिन्न विभागों के समन्वय से ग्रामीणों को अभियान के उद्देश्यों और निर्धारित संकेतांकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान पशुपालन विभाग ने गायों और भैंसों के शत-प्रतिशत टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य सेवाओं, रोग रोकथाम और समय पर टीकाकरण के महत्व पर जोर दिया।

शिक्षा विभाग ने विद्यालय नामांकन, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, ड्रॉपआउट रोकने के उपायों, डिजिटल शिक्षा और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती और धात्री महिलाओं के पोषण, आंगनबाड़ी सेवाओं, टीकाकरण, पोषण आहार, बाल विकास और स्वास्थ्य जांच से संबंधित योजनाओं पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों को स्वच्छता, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान भारत योजना और अन्य सरकारी लाभों की पात्रता तथा आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया।

अधिकारियों ने बताया कि सम्पूर्णता अभियान 2.0 का मुख्य उद्देश्य सभी सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना, सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और ग्राम स्तर पर समग्र विकास सुनिश्चित करना है। इस जागरूकता अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होगा जाटव समाज

■ जाटव समाज सुधार समिति (360 गांव) के तत्वावधान में पंचायत 22 कल

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** जाटव समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों-जुआ, सट्टा, शराब एवं अन्य बुराइयों-के उन्मूलन के लिए हिण्डौन तहसील स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिला जाटव समाज सुधार समिति (360 गांव) के तत्वावधान में रविवार, 22 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे कबीर आश्रम (डागुर हॉस्पिटल के सामने), हिण्डौन सिटी में विशाल पंचायत का आयोजन होगा।

समाज के गणमान्य व्यक्तियों की हालिया बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तहसील स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने हेतु तहसील अध्यक्ष का चयन किया जाएगा, जिससे समाज सुधार अभियान को संगठित दिशा मिल सके। यह पहल हाल ही में श्री महावीरजी (दानालपुर) में आयोजित महासभा के बाद और तेज हुई है, जहां श्री हट्टी राम ठेकेदार को जिला अध्यक्ष चुना गया था।

पंचायत में समिति के अध्यक्ष श्री हट्टी राम ठेकेदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समाज में उनकी निस्वार्थ सेवा, भामाशाह के रूप में योगदान और ईमानदार छवि को विशेष सम्मान प्राप्त है।

आयोजकों ने बताया कि यह पंचायत पूर्णतः शांतिपूर्ण, समाज कल्याण एवं सुधार केंद्रित रहेगी। प्रशासनिक अनुमति प्राप्त हो चुकी है तथा सभी समाज बंधु-बहनों से निश्चिंत होकर भाग लेने की अपील की गई है।

बैठक में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहमति प्रदान की है, जिनमें ताराचंद (डीईओ), दिनेश गुरुजी, रामचरण खुरसटपुरा, नेमी मास्टर जी, पूरणमल व्याख्याता, संतराम व्याख्याता, अमर सिंह बाबा, रिंकू खेडी हैबत, शांतिलाल वकील, वीर सिंह ठेकेदार, धर्म सिंह ठेकेदार, रमेश करई, रमेश रेवई, मुकेश भंडारी, समय सिंह फौजी, इंद्रेश पाली, उदयभान ठेकेदार, रघुवीर वकील, डॉ. राकेश करसोलिया, ज्ञान सिंह फौजी, ओमप्रकाश पत्रकार सहित अनेक समाजजन शामिल हैं।

आयोजकों का कहना है कि यह पंचायत केवल हिण्डौन तहसील ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में समाज सुधार की नई चेतना और एकजुटता का संदेश देगी। समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं कुरीतियों के खिलाफ संगठित होकर आवाज बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।सभी जाटव समाज बंधु-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में पंचायत में शामिल होकर समाज सुधार के इस ऐतिहासिक प्रयास को सफल बनाने की अपील की गई है

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**कामां/भरतपुर, (निसं)।** पंच बालयति तीर्थ क्षेत्र बोलखेड़ा में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव में रात्रि में एक भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के प्रसिद्ध राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कवियों को आमंत्रित किया गया। पुष्पेंद्र जैन सीकरी ने कवियों को एक एक करके मंच पर आमंत्रित किया।

तीर्थ क्षेत्र कमेटी के संजय बोलखेड़िया ने बताया कि बुधवार रात्रि को एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अंतरराष्ट्रीय कवि मंच संचालक कमलेश जैन बसंत, हास्य व्यंग के कवि भगवान मकरंद, हास्य कवि लटूरी लट्ठ, ओज कवि मनोज चौहान मैनपुरी, टीवी फेम कवि डी के जैन मित्तल, श्रृंगार कवयित्री कोमल नाजुक और कवि उमाकांत बिर्मूल ने इस कवि सम्मेलन में अपना शानदार काव्यपाठ किया। देर रात तक चले इस कवि सम्मेलन को रसिक श्रोताओं ने बहुत सराहा और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी देर रात तक श्रोता जम रहे।

## प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय, छान में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

आवेदन 15 फरवरी से ई-मित्र के माध्यम से एसजेएमएस पोर्टल पर किए जा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र मीना ने बताया कि कक्षा 6 में 80, कक्षा 7 में 40, कक्षा 8 में 25, कक्षा 9 में 15 तथा कक्षा 10 में 20 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# छत्रपति शिवाजी को किया याद

■ मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाई

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** समीपवर्ती ग्राम जाट बड़ौदा स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय स्कूल में मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरा परिसर श्जय भवानी, जय शिवाजीश के नारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। महाराष्ट्र के सोलापुर से आए कक्षा नौ के माइग्रेशन विद्यार्थियों ने शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्ष और गौरवशाली इतिहास पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने उनकी युद्ध नीति शगनिमी कावाश और कुशल प्रशासन व्यवस्था पर भी प्रकाश डाला। शिक्षकों ने अपने संबोधन में बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों में स्वराज्य की स्थापना कर अनुशासन, साहस और न्याय का आदर्श प्रस्तुत किया। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। प्रिंसिपल ने अपने संबोधन में शिवाजी महाराज को एक कुशल रणनीतिकार और दूरदर्शी नेता बताया। कार्यक्रम में मराठी विषय शिक्षक हेमंत केदराज डी., विकास खंदारे, हर्षकुमार शिंदे, जीके अग्रवाल सहित सभी शिक्षक स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रमजान के माह में इबादत व संयम से निखरता है इंसान : काजी

■ रमजान माह के पहले जुम्मे पर अल्लाह की बरगाह में झुके हजारों शीश

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** रमजान उल मुबारक के पवित्र महीने की शुरुआत के साथ ही मुस्लिम समाज की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। शहर भर में रोजेदार अलसुबह सहरी के लिए जागकर दिन की शुरुआत कर रहे हैं। पूरे दिन रोजा रखकर रब की इबादत में मशगूल हैं। इस दौरान इबादत, आत्मसंयम और नेकियों का विशेष महत्व बढ़ जाता है।

शहर काजी शाहिद अली ने बताया कि रमजान सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसान के जीवन को अनुशासन और संयम में ढालने का महीना है, ताकि इसका असर पूरे साल बना रहे। रमजान के प्रथम जुम्मे पर उपखण्ड मुख्यालय की सभी मस्जिदो पर नमाजअदा कर अल्लाह से रहमत की दुआ मांगी गई। रोजेदार सुबह साढ़े 3 बजे सहरी के लिए उठते हैं। इसके बाद फजर की नमाज अदा कर कुरान शरीफ की तिलावत, दरूदो सलाम, तस्बीह और नफ्ल नमाज का सिलसिला चलता है। दिनभर 5 वक्त की नमाज अदा की जाती है।

शाम होते ही घरों और मस्जिदों में इफ्तारी की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। रोजा खोलने के बाद मगरिब की नमाज अदा की जाती है और फिर रात को ईशा की नमाज के बाद तरावीह पढ़ी जाती है। इबादत का यह सिलसिला रात 10 बजे तक चलता है, जिससे रोजेदारों को मुश्किल से तीन-चार घंटे ही आराम मिल पाता है।

काजी शाहिद अली ने बताया कि रमजान सबसे पाक और बरकत वाला महीना है, जिसमें की गई इबादत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। यह महीना सब्र और कद्र की सीख देता है। बुराइयों से तौबा कर नेकी की राह पर चलने का संदेश देता है। काजी शाहिद अली के अनुसार, रमजान इंसान को सही तरीके से जीने की सीख देता है। जैसे आग में तपकर सोना कुंदन बनता है, वैसे ही रमजान में इंसान का चरित्र और व्यक्तित्व निखरता है। उन्होंने कहा कि रोजा रखने का असली मकसद बुराइयों से दूर रहना और अच्छाइयों की ओर बढ़ना है। हाथ उठे तो भलाई के लिए उठें और कदम बढ़ें तो नेक कामों की ओर बढ़ें, इसी सोच के साथ रोजा रखा जाना चाहिए। रमजान के महीने में मुस्लिम महिलाओं की जिम्मेदारी भी काफी बढ़ जाती है। वे रोजा और नमाज के साथ-साथ घर की पूरी व्यवस्था संभालती हैं।

उन्हें अलसुबह उठकर सहरी की तैयारी करनी पड़ती है और शाम को इफ्तार के लिए भोजन बनाना होता है। रोजे की हालत में रहते हुए वे घर और दीन, दोनों की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं

## सार-समाचार

### तहसील अध्यक्षों के चुनाव कल

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला सभा करौली के पांच तहसील अध्यक्षों के चुनाव के लिए 22 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से नामांकन भरे जाएंगे। इसके लिए मुख्य चुनाव प्रभारी धर्मराज जांगिड़ ने प्रत्येक तहसील में तहसील प्रभारी, चुनाव अधिकारी व बूथ प्रभारी नियुक्त किए हैं। मुख्य चुनाव प्रभारी जांगिड़ ने बताया कि करौली जिले की हिंडौन तहसील अध्यक्ष पद चुनाव के लिए ब्रह्म स्वरूप कटकड को तहसील प्रभारी जबकि गजानंद वजीरपुर को चुनाव अधिकारी व भगवान सहाय कटारिया को बूथ प्रभारी नियुक्त किया है।सपोटरा तहसील अध्यक्ष पद चुनाव के लिए अध्यापक छैल बिहारी को तहसील प्रभारी जब कि मनीष कुमार व सोमराज को चुनाव अधिकारी एवं अतुल कुमार जांगिड़ ठााम विकास अधिकारी व पत्रकार विनोद कुमार को बूथ प्रभारी नियुक्त किया है। कुडगांव तहसील अध्यक्ष पद चुनाव के लिए घनश्याम केमा को तहसील प्रभारी जबकि महेन्द्र नादौती को चुनाव अधिकारी एवं हरिओम व रामस्वरूप को बूथ प्रभारी नियुक्त किया है। श्री महावीरजी तहसील अध्यक्ष पद चुनाव के लिए दिनेश रानोली को तहसील प्रभारी जब कि बनवारी लाल टोडाभीम को चुनाव अधिकारी व संजय कटारिया को बूथ प्रभारी नियुक्त किया है। बालाघाट तहसील अध्यक्ष पद के लिए जय कृष्ण गाज़ीपुर को तहसील प्रभारी जबकि रमेश कुमार टोडाभीम को चुनाव अधिकारी व रमेश कुमार को बूथ प्रभारी नियुक्त किया है। इनके अलावा महेश पथैना को रिजर्व पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि हिंडौन तहसील अध्यक्ष के चुनाव का मतदान केंद्र किशन नगर स्थित जांगिड़ विकास संस्थान,सपोटरा तहसील अध्यक्ष के चुनाव का मतदान केंद्र तुरसंगपुरा स्थित विश्वकर्मा मंदिर व कुड़गांव तहसील अध्यक्ष के चुनाव का मतदान केंद्र विश्वकर्मा मंदिर रखा गया है इसके अलावा श्री महावीरजी तहसील अध्यक्ष के चुनाव का मतदान केंद्र विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल रखा गया है। सभी पांच तहसीलों में अध्यक्ष पद के लिए 1 मार्च को मतदान कराया जाएगा। करौली जिला सभा के मुख्य चुनाव प्रभारी धर्मराज जांगिड़ ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरने वाले व्यक्ति संगठन के करौली जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद गोवर्धनपुरा से नांमाकन से पूर्व अदैय प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। इसके अलावा महासभा के सदस्यता अभियान के दौरान सदस्यता लेने वाला प्रत्येक सदस्य अपनी सदस्यता की प्रति नामांकन से पूर्व मुख्य चुनाव प्रभारी को उपलब्ध कराएं।

### सड़क सुरक्षा व महिला नेतृत्व पर व्याख्यान

**भरतपुर, (निसं)।** महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय भरतपुर में राष्ट्रीय राज्य महिला नीति 2021 के तत्वाधान में आंतरिक शिकायत समिति एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति (आईसीसी) तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शिल्पी दीप माथुर के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र सिंह सुंडा परिवहन निरीक्षक तथा कुसुम सिंह रारह पंचायत सरपंच थी। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में देवेंद्र सिंह सुंडा, परिवहन निरीक्षक ने सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सड़क दुर्घटना के पांच मुख्य कारण (लापरवाही,ओवर स्पीड, गलत तरीके से ओवर ट्रैकिंग,विश्राम की कमी,तथा नशा) को बताया।इसके साथ ही दूसरे वक्ता बहादुर सिंह ने ई-लाइसेंस के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इसके साथ ही द्वितीय मुख्य वक्ता के रूप में कुसुम सिंह सरपंच रारह ने ठााम पंचायत एवं नेतृत्व विषय पर विचार रखते हुए कहा कि संपूर्ण राजस्थान की प्रथम आदर्श ठााम पंचायत रारह है तथा अपनी ठााम पंचायत रारह में अपने द्वारा किए गए विकास कार्यों से अवगत कराया,साथ ही महिलाओं को ठााम पंचायत में विकास कार्यों में सहभागिता हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गरिमा जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य एवं महाविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित थे जिसमें वरिष्ठतम संकाय सदस्य डॉ. अंजू तँवर, डॉ. रामबाबू, डॉ. कुसुम लता, कमलेश वर्मा, डॉ. विनीता कुमारी, सपना शर्मा, राज सिंह इंडोलिया, ज्योति मीणा तथा पुष्पेंद्र पाराशर आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम समिति प्रभारी डॉ. सरोज देवी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

### होली मिलन समारोह 1 मार्च को

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** अग्रवाल समाज गंगापुर सिटी का होली स्नेह मिलन समारोह 1 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर अग्रवाल भवन ट्रस्ट की कार्यकारिणी की बैठक अग्रवाल भवन, स्टेशन रोड पर आयोजित हुई। बैठक में मंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि समारोह 1 मार्च को दोपहर 1 बजे से अग्रवाल भवन में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के लिए नवल गुप्ता बाडासांवटा को संयोजक और सुनील को सहसंयोजक बनाया गया। बैठक में होली कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए सांस्कृतिक व भजन पार्टी आमंत्रित करने और समाज बंधुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था करने का निर्णय किया गया। साथ ही आय-व्यय के बिल और वाउचर प्रस्तुत कर उन्हें पास किया गया। भवन की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने पर जोर दिया गया। अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई।

### अस्पताल में जांचें फिर से शुरू

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** शहर के राजकीय जिला अस्पताल में मरीजों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। करीब डेढ़ साल से बंद पड़ी 40 प्रकार की महत्वपूर्ण और महंगी जांच सुविधाएं अब फिर से शुरू कर दी गई हैं। इससे खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को निजी लैबों में महंगे दाम चुकाने से छुटकारा मिलेगा। राज्य सरकार ने पहले पीपीपी मोड पर हिन्दुस्तान वैलनेस डायग्नोस्टिक सेंटर को विभिन्न अस्पतालों में क्रिटिकल जांच सेवाएं देने का जिम्मा दिया था। टेंडर अवधि समाप्त होने के बाद इन जांच केंद्रों पर ताले लग गए थे। जिला अस्पताल में भी जांच कक्ष बंद होने से मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। उन्हें मजबूरन निजी जांच केंद्रों पर अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही थी। थायराइड से पीड़ित साजिदा बानो, पूनम गुप्ता और आशा शर्मा ने बताया कि जांच बंद होने से उन्हें निजी लैबों में 400 से 800 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे थे। अब सुविधा मिलने से राहत है। यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। प्रभारी ब्लड बैंक डॉ. विजेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि 'सरकार के निर्देश के बाद जिला अस्पताल में 40 प्रकार की क्रिटिकल जांचें फिर से शुरू कर दी गई हैं। अब मरीजों को निजी लैबों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अस्पताल में जांच सेवाएं बहाल होने से मरीजों और उनके परिजनों ने राहत जताई है। यह व्यवस्था आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।


**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner)
Bhusawar – Bharatpur (Rajasthan)-321406
Mob: 9414714234 Email.dean.coabhusawer@sknau.ac.in

No.F.( )/ COAB/Store/2026/966-69 Dated: 16-02-2026

**NOTICE INVITING BID**

Bid for open tender regarding Smart Class Room Items tender are invited from interested bidders upto 11.00 AM, 24.02.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in & of the state or www.sknau.ac.in University website. NIB code SKN2526A0430 and UBN is SKN2526GSOB00465
Raj.Samwad/C/25/20915 DEAN

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, करौली, राजस्थान**
क्रमांक:-80 दिनांक:-20.02.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग करौली परिसर में उपलब्ध नकारा सामान की नीलामी निम्नानुसार की जानी है:-

| क्र. सं. | कार्यालय का नाम | नीलामी दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, करौली | 18.3.26 | 10 बजे |

अतः इच्छुक जीएसटी पंजीकृत फर्म/बोलीदाता/कवाडी व अन्य उक्त दिनांक को समय 10 बजे से 11 बजे तक अमानत राशि 5,000/- रूपये जमा करवाकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। फर्म प्रतिनिधि उपस्थित होने की दशा में जीएसटी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के अतिरिक्त फर्म का अथॉरिटी पत्र भी साथ अवश्य जावें।

(शैलेन्द्र सिंह)
जिला उपभोक्त विवाद प्रतितोष आयोग,
करौली, राजस्थान